तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 पंचायत व्यवस्था की रीढ़ हैं सचिव, विकास में उनकी भूमिका अहम ...



12 कोसरिया यादव समाज नगर इकाई में चुनाव की ...



## खबर संक्षेप

### नए जिपं सीईओ और निगम आयुक्त आएंगे

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं। इस प्रशासनिक फेरबदल के तहत धमतरी जिले में भी महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। आदेश के अनुसार जिला पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह ठाकुर का तबादला कर उन्हें जिला पंचायत कोरबा का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है। उनके स्थान पर जयंत नाहटा को जिला पंचायत धमतरी का नया मुख्य कार्यपालन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में नगर निगम धमतरी की आयुक्त प्रिया गोयल का तबादला कर उन्हें नया रायपुर स्थित भू-अभिलेख शाखा में पदस्थ किया गया है। उनकी जगह अरुण वर्मा को नगर निगम धमतरी का नया आयुक्त बनाया गया है। शासन के इस निर्णय के बाद संबंधित अधिकारी जल्द ही अपने नए पदों का कार्यभार संभालेंगे। प्रशासनिक स्तर पर इस बदलाव को कार्यों में तेजी और बेहतर समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### पटेल समाज बगौदराज की बैठक 12 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** कोसरिया मरार पटेल समाज बगौदराज की बैठक 12 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे मुख्यालय सामाजिक भवन ग्राम सिहादभाठा में रखी गई है। समाज के अध्यक्ष सियाराम पटेल ने बताया कि बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर विचार-विमर्श किया जायेगा।

### चढ़ावा चोरी की हो निष्पक्ष जांच : तारिणी

**धमतरी।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा



अर्पित चढ़ावे में कथित अनियमितताओं एवं चंदा चोरी के सामने आए मामले को गंभीर बताते हुए इसकी उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों देशवासियों की आस्था के केंद्र हैं। श्रद्धालु मंदिर में पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ दान एवं चढ़ावा अर्पित करते हैं। यदि उस धन के दुरुपयोग अथवा कथित चोरी जैसी घटनाओं के आरोप सामने आते हैं, तो इससे केवल आर्थिक अनियमितता का मामला नहीं बनता, बल्कि करोड़ों रामभक्तों की आस्था को भी गहरी ठेस पहुंचती है। श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि इस पूरे मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी अथवा न्यायिक आयोग से कराई जानी चाहिए, ताकि सत्य सामने आए और दोषी चाहे कोई भी हो, उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाए।

# दूषित खाद्य पदार्थों से बढ़ रहा फूड प्वाइजनिंग का खतरा, अस्पतालों में बढ़ रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में इन दिनों फूड प्वाइजनिंग के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों में प्रतिदिन उल्टी, दस्त और पेट दर्द से पीड़ित मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर यूएल कौशिक का कहना है कि केवल मौसम नहीं, बल्कि दूषित और अस्वच्छ खाद्य पदार्थों का सेवन भी एक प्रमुख कारण बनकर सामने आ रहा है।

डॉक्टरों के अनुसार गर्मी और बरसात के मौसम में खुले में रखे खाद्य पदार्थों में बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं। ऐसे में सड़क किनारे बिकने वाले मोमोज, चाट, गोलगप्पे, मंचूरियन, नूडल्स और अन्य फास्ट फूड का सेवन स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। कई स्थानों पर खाद्य सामग्री लंबे समय तक खुले में रखी जाती है, जिससे उसके खराब होने की संभावना बढ़ जाती है।

बेकरी उत्पादों को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। स्थानीय स्तर पर तैयार होने वाले कई केक, ब्रेड और पेस्ट्री पर निर्माण तिथि और उपयोग की अंतिम तिथि का उल्लेख नहीं मिलता। ऐसे उत्पादों की गुणवत्ता और ताजगी की जानकारी उपभोक्ताओं को नहीं मिल पाती, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा बढ़ जाता है।

## खुले में बिक रहे मोमोज, चाट और बेकरी उत्पादों की गुणवत्ता पर उठे सवाल

### ताजा और स्वच्छ भोजन करने की सलाह

डॉक्टरों का कहना है कि अधिक समय तक खुले में रखे भोजन के सेवन से फूड प्वाइजनिंग, उल्टी, दस्त और पेट संबंधी संक्रमण हो सकता है। उन्होंने लोगों से ताजा और स्वच्छ भोजन का सेवन करने, पैक्ड खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी निर्माण और एक्सपायरी तिथि जांचने तथा सड़क किनारे अस्वच्छ स्थानों पर बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचने की सलाह दी है।



### सख्त कार्रवाई की मांग

इधर, नागरिकों ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन से नियमित जांच अभियान चलाकर नियमों का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों और ठेला संचालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि लोगों के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो।

## किसानों को किफायती किराये पर मिलेंगी कृषि उपयोगी मशीनें

# कई सहकारी समितियां बनेंगी कस्टम हायरिंग सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले की कई सहकारी समितियों को कस्टम हायरिंग सेंटर का रूप देने की तैयारी चल रही है। अभी तीन स्थानों पर कस्टम हायरिंग सेंटर की प्रक्रिया चल रही है। इसमें से एक सेंटर को समूह चलाएगी। दो सेंटर को सहकारी समितियां चलाएंगी।

खेती में मशीनों का उपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। मजदूरों की किल्लत के चलते कई कार्यों के लिए किसान मशीनों पर ही निर्भर हैं। विडंबना यह है कि मशीनें काफी महंगी मिलती हैं, जिसके चलते किसान इसे खरीद नहीं पाते हैं। किसानों की इस समस्या को समझते हुए जिले की कुछ सहकारी समितियों को कस्टम हायरिंग सेंटर के रूप में डेवलप किया जा रहा है। नगरी ब्लाक की राजपुर समिति में कस्टम हायरिंग सेंटर खोला जा चुका है। इस साल सिंगपुर समिति में कस्टम हायरिंग सेंटर खोलने की तैयारी है। समिति के आवेदन पर प्रक्रिया चल रही है। इसके अतिरिक्त जबर्रा में भी कस्टम हायरिंग सेंटर प्रक्रियाधीन है। इस सेंटर को एक समूह संचालित करेगी।




### क्या है कस्टम हायरिंग सेंटर

कस्टम हायरिंग सेंटर एक ऐसी सुविधा है, जिसके माध्यम से किसानों को किफायती किराए पर कृषि उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। कस्टम हायरिंग सेंटर की स्वीकृति कृषि अभियांत्रिकी विभाग रायपुर से मिलती है जहां पर 10 लाख से 1 करोड़ तक की मशीनें उपलब्ध कराई जाती हैं। ये मशीनें 60-90 प्रतिशत अनुदान पर मिलती हैं। इन सेंटरों में ट्रैक्टर, थ्रेसर, रोटावेटर, सीड ड्रील, हार्वेस्टर सहित अन्य कृषि उपयोगी मशीनें रहती हैं।

### जीरो शार्टेज से मिली राहत

जिले की सहकारी समितियों में धान और चना खरीदी के बाद मिलान किया गया, जिसमें जीरो शार्टेज आया है। जानकारी के अनुसार जिले में 69 लाख 65 हजार 221 क्विंटल धान और 1 लाख 16 हजार 158 क्विंटल चने की खरीदी हुई थी। इतनी मात्रा में धान और चना का उठाव हो चुका है। उल्लेखनीय है कि शार्टेज की स्थिति में समिति प्रबंधकों पर कार्रवाई होती है। जीरो शार्टेज आने से समिति प्रबंधकों ने राहत की सांस ली है।

## 1.1 ग्राम चिट्टा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



हेरोइन तस्करों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुरूद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को 1.1 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हेरोइन के अलावा एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त मशरूका की कुल अनुमानित कीमत 36 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम छाती स्थित एनएच-30 हाईस्कूल के पास दो व्यक्ति बिक्री के उद्देश्य से हेरोइन लेकर आने वाले हैं। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ा गया। वैधानिक प्रक्रिया के तहत तलाशी लेने पर उनके पास से 1.1 ग्राम हेरोइन (कीमत लगभग 6 हजार रुपये), दो मोबाइल फोन (10 हजार रुपये) और एक मोटरसाइकिल (20 हजार रुपये) बरामद हुई। आरोपियों की पहचान वाहिद खान (27 वर्ष) एवं केशवराम ध्रुव (26 वर्ष) दोनों निवासी संजय नगर कुरूद के रूप में हुई है। दोनों के विरुद्ध थाना कुरूद में धारा 21(ए) एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# चाकू की नोक पर लूट करने वाले चार आरोपी कुछ ही घंटों में गिरफ्तार

**50 हजार नकद तथा 28,500 रुपए क्यूआर कोड से खाते में ट्रांसफर कराए थे**

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





जिले के भखारा थाना क्षेत्र में चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को भखारा पुलिस ने घटना के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू, नकद राशि, मोबाइल फोन और तूफान वाहन भी बरामद कर लिया है।

थाना प्रभारी तामेश्वर सिंह नेताम ने बताया कि 6 जुलाई की रात करीब 10 बजे बंगोली निवासी मनीष सोनवानी पिता खम्मन सोनवानी अपने पिता के साथ छोटा हाथी वाहन में मवेशी लेकर अपने चाचा खेमूराम बंजारे के घर ग्राम रींवागहन जा रहा था। इसी दौरान ग्राम दर्री और रींवागहन के बीच झुरमुट के पास पहले से घात लगाए बैठे तूफान वाहन सवार चार आरोपियों ने उनका रास्ता रोक लिया।

आरोपियों ने मवेशी ले जाने की बात पूछते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और हाथ-मुक्कों तथा लातों से मारपीट की। इसके बाद चाकू दिखाकर प्रार्थी से 50 हजार रुपये नकद लूट लिए तथा 28,500 रुपये क्यूआर कोड के माध्यम से आरोपी नीरज ध्रुवंशी के खाते में ट्रांसफर करा लिए। विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला किया और मनीष सोनवानी की गर्दन पर चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी भी दी।

घटना की सूचना मिलते ही भखारा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों की घेराबंदी कर उन्हें कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में नागेंद्र साहू (19 वर्ष) एवं एक अपचारी बालक निवासी ग्राम भेंडरवानी तथा नीरज ध्रुवंशी (23 वर्ष) एवं विनय ध्रुवंशी (24 वर्ष) दोनों निवासी ग्राम कसही शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू, लूटी गई नकदी, मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त तूफान वाहन बरामद कर जब्त कर लिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना भखारा में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 309(6), 311 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान जगन्नाथ का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



महास्नान के बाद भगवान एकांतवास में रहेंगे

आषाढ़ मास की पंचमी तिथि पर शहर के मठ मंदिर चौक स्थित श्री जगदीश मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा का पारंपरिक महास्नान अनुष्ठान श्रद्धा और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। इसी आयोजन के साथ वार्षिक रथ महोत्सव की शुरुआत भी हो गई। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे परिसर में भक्ति का माहौल बना रहा।

मंदिर के पुजारी पं. बालकृष्ण शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान का पवित्र जल, पंचामृत तथा सुगंधित द्रव्यों से अभिषेक कराया। इसके बाद तीनों विग्रह का विशेष श्रृंगार आकर्षक वस्त्रों और पुष्पमालाओं से किया गया। भगवान के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और मंगल की कामना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान जय जगन्नाथ के जयघोष से मंदिर परिसर गूंजता रहा।

धार्मिक परंपरा के अनुसार महास्नान के बाद भगवान कुछ दिनों तक एकांतवास में रहेंगे। इस दौरान नियमित दर्शन स्थगित रहेंगे और विशेष सेवा-पूजा की जाएगी। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि 11 जुलाई से भगवान को औषधि काढ़ा अर्पित करने की परंपरा निभाई जाएगी। इसके बाद भगवान नवयौवन स्वरूप में भक्तों को दर्शन देंगे।

### रथयात्रा को लेकर तैयारियां शुरू

रथयात्रा को लेकर मंदिर समिति ने तैयारियां तेज कर दी हैं। भगवान के रथ को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। निर्धारित तिथि पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा भव्य रथ में नगर भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है तथा पूरे शहर में धार्मिक उल्लास का वातावरण रहेगा।

# बड़े भाई को हक दिलाने ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**सिवनीकला के पंचायत प्रतिनिधि सहित ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे, जांच की मांग**



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मानसिक रुप से बीमार बड़े भाई के हक की जमीन को छोटे भाई द्वारा षड्यंत्रपूर्वक अपने नाम करने का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर ग्राम सिवनीकला के पंचायत प्रतिनिधि सहित करीब 100 की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन कर शिकायत की जांच करने और बड़े भाई को उसका हक दिलाने की मांग की है।

सिवनीकला के जनपद सदस्य टेकराम साहू, सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान, पंच सुरेश कुमार, कृष्ण कुमार, ओमप्रकाश, रेणुका कुर्रे, टिकेश्वर चंद्राकर, यश चंद्राकर, ग्राम पटेल सहित अनेक लोगों ने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा । ज्ञापन में कहा है कि अनुराग चंद्राकर के नाम पर सिवनीकला खार में 12 एकड़ 42.5 डिसमिल पैतृक जमीन थी। छोटे भाई ने षड्यंत्रपूर्वक अनुराग के नाम पर मात्र एक एकड़ जमीन रखकर बाकी जमीन को अपने नाम कर लिया है। इसी तरह स्व. माता बिमलाबाई के नामपर 3.40 डिसमिल जमीन का बंटवारा नहीं किया गया है। पिता स्व. देवकुमार चंद्राकर के नाम पर गोबरा खार तथा सिवनीकला में 7.50 एकड़ जमीन है, जो छोटे भाई के नाम पर दर्ज हो गया है। वहीं हकदार तीन बहनों को भी बंटवारा से वंचित किया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि अनुराग मानसिक रुप से बीमार है। इस मामले में अपर कलेक्टर ने कुरूद एसडीएम को 5 अधिकारियों की जांच कमेटी बनाकर जांच करने के निर्देश दिए हैं।

## व्यायाम शिक्षकों की बैठक में खेल गतिविधियों को बढ़ाने पर जोर

# खेल बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास की पहली सीढ़ी : अबिनाश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के स्कूलों में खेल गतिविधियों को और प्रभावी बनाने तथा व्यायाम शिक्षकों के कार्यों की समीक्षा एवं आगामी कार्ययोजना तैयार करने के उद्देश्य से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में व्यायाम शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी व्यायाम शिक्षकों से स्कूलों में संचालित खेल गतिविधियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के कई व्यायाम शिक्षक खेलों को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय कार्य कर रहे हैं, जबकि कुछ शिक्षक केवल औसत प्रयास कर रहे हैं। वहीं कुछ स्थानों पर व्यायाम शिक्षकों की रुचि नहीं होने के कारण विद्यार्थी खेल गतिविधियों से नहीं जुड़ पा रहे हैं।



बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी, एसडीएम धमतरी पीयूष तिवारी, सहायक संचालक शिक्षा यदुनंदन वर्मा, सहायक खेल अधिकारी जेपी देव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं जिले के व्यायाम शिक्षक उपस्थित थे।

### युवा खेल से जुड़ेंगे तो सामाजिक बुराइयों से दूर रहेंगे

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि यदि युवा खेल से जुड़ेंगे तो वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहेंगे। खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और लक्ष्य प्राप्ति की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने सभी व्यायाम शिक्षकों को सक्रिय होकर कार्य करने तथा सप्ताह में कम से कम दो से तीन दिन नियमित रूप से विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों में शामिल करने के निर्देश दिए, ताकि उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास सुनिश्चित हो सके। साथ ही विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को व्यायाम शिक्षकों के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।

### अधिकारियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने स्कूलों में उपलब्ध खेल सामग्री एवं खेल मैदानों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराने, खेल मैदानों के समतलीकरण तथा आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### तीजनबाई को क्षेत्रवासियों ने दी श्रद्धांजलि

**कोर्रा(भखारा)।** कोर्रा क्षेत्रवासियों ने पंडवानी गायिका श्रीमती तीजन बाई के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि तीजन बाई छत्तीसगढ़ के लिए एक गौरव थीं। उन्होंने छत्तीसगढ़ का नाम भारत और विश्व में रोशन किया। तीजन बाई को पद्मश्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण और अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। उनके निधन पर तहसील ब्राह्मण समाज भखारा के यशवंत शुक्ला, जगदीश्वर शर्मा, सुनील तिवारी, द्वारिका प्रसाद शर्मा, मुरलीधर दीवान, विजय शर्मा, रोशन मिश्रा ने कहा कि तीजन बाई ने छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। गोविंद साहू जिला पंचायत सदस्य, भारत नहर, अमरदीप साहू, दयालाल साहू, बोधीराम साहू, रवि विश्वकर्मा, जितेंद्र साहू, निर्मला साहू, झामिन बाई साहू, रेवती, विमला साहू, खेमिता साहू, कुलेश गंजीर, मोतीलाल नागरची, प्रदीप साहू ने गहरा शोक व्यक्त किया।

### जवाहर उत्कर्ष योजना परीक्षा में साक्षी अव्वल



**नगरी।** साक्षी वट्टी पिता इंदल सिंह वट्टी ने जवाहर उत्कर्ष योजना परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल कर न केवल अपने माता-पिता का बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों ने हर्ष जताया है।

### राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए नामांकन 31 तक

**कांकेर।** भारत सरकार ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और अखंडता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के लिए सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। समाज कल्याण विभाग के अनुसार ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया 1 जून से प्रारंभ हो चुकी है और इच्छुक आवेदक 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे।

# कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर दिया जोर

- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने की समीक्षा बैठक, ग्रामीण किसानों को दुग्ध सहकारी समितियों से जोड़ने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में दुग्ध उत्पादन और दुग्ध संकलन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवीन दुग्ध समितियों के गठन, दुग्ध संकलन केंद्रों के विस्तार तथा किसानों की सहभागिता बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक दुग्ध उत्पादकों को संगठित कर उन्हें दुग्ध सहकारी समितियों से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि नई दुग्ध समितियों के गठन की प्रक्रिया में तेजी लाकर जिले में दुग्ध उत्पादन और संकलन दोनों में वृद्धि की जाए।

बैठक में एनडीडीबी के प्रबंध संचालक, देवभोग दुग्ध महासंघ के अधिकारी मुकेश देवांगन, एसडीएम सुश्री प्रीति दुर्गम, रेवाराम साहू तथा पशुपालन विभाग के विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुजेंद्र सोनी, डॉ. पी.के. लावरे, डॉ. भूपेंद्र सिन्हा, डॉ. सुरेंद्र मरकाम, डॉ. प्रमोद ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नई दुग्ध समितियों के गठन में लाई जाएगी तेजी



### प्रतिदिन 250 से 500 लीटर दुग्ध उत्पादन आवश्यक

बैठक में एनडीडीबी के प्रबंध संचालक ने बताया कि किसी भी नए दुग्ध संकलन केंद्र की स्थापना के लिए संबंधित क्षेत्र में प्रतिदिन कम से कम 250 से 500 लीटर दुग्ध उत्पादन होना आवश्यक है। इससे संकलन केंद्र का संचालन आर्थिक रूप से व्यवहार्य और सुचारू रूप से किया जा सकता है। विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारियों ने बैठक के दौरान दुग्ध संकलन केंद्रों के सचिवों के समक्ष आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का परीक्षण कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### कुरूद नगर पालिका की पीआईसी बैठक में बड़े फैसले

# भारत माता चौक के सौंदर्यीकरण और बोटिंग परियोजना को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



नगर पालिका परिषद कुरूद की दसवीं पीआईसी (प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल) बैठक मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर की अध्यक्षता में अध्यक्ष कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में नगर विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए।

बैठक में जुलाई माह को हरियाली सप्ताह के रूप में मनाने तथा 15 अगस्त तक भारत माता चौक में विशाल भारत माता प्रतिमा स्थापित कर चौक के सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही अध्यक्ष निधि से भारत माता चौक (केनाल रोड) से पीडब्ल्यूडी कार्यालय तक कायाकल्प, स्टॉप डैम के सौंदर्यीकरण, आकर्षक लाइटिंग और बोटिंग की सुविधा विकसित करने का भी ऐतिहासिक फैसला लिया गया।

बैठक में शासन से प्राप्त अध्यक्ष निधि एवं पार्षद निधि की राशि से जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा पर नगर के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य कराने तथा प्रमुख स्थलों के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। नगर में मरम्मत कार्यों के लिए शासन से प्राप्त 5 लाख रुपये की राशि से विभिन्न कार्य कराने का भी अनुमोदन किया गया। बैठक में नगर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने से जुड़े प्रस्तावों पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी सभापतियों ने सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की।

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर, उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, सभापति मिथिलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, सीएमओ महेंद्र गुप्ता सहित नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई



**अंवरी।** जोरातराई अं में 6 जुलाई को भारतीय जन संघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्णिमा साहू सरपंच, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, बंशीलाल साहू, पंचम पाल, ईश्वर निषाद उपसरपंच, प्रकाश तारक हाईस्कूल समिति अध्यक्ष, प्रकाश निषाद, संतोष साहू बूथ अध्यक्ष, रामजी तारक, अशोक पाल, टेकराम निर्मलकर, हरिश्चंद्र तारक, देवनारायण साहू, बालमुकुंद साहू, राकेश पाल, लखेश्वरी साहू, तोरण कुर्रे, नरेश यदु, रिकेश निषाद, घनश्याम साहू उपस्थित थे।

### कलारतराई के विद्यार्थियों को निःशुल्क कॉपियां बांटी



**धमतरी।** ग्राम पंचायत कलारतराई के प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय में ऋतुराज पवार फाउंडेशन द्वारा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कॉपियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में हेल्प टू बेनिफिट अदर्स, लेट्स मेक द चेंज सामाजिक संस्था के प्रमुख गौरव लोहाना विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। यदि बच्चे पूरी लगन, अनुशासन और मेहनत से पढ़ाई करेंगे तो वे अपने परिवार, गांव और देश का नाम अवश्य रोशन करेंगे। उन्होंने बच्चों से नियमित अध्ययन करने, अच्छे संस्कार अपनाने और अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपसरपंच माधवेंद्र साहू ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजसेवी संस्थाओं का यह सहयोग ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। ऐसे प्रयास शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक रामकुमार साहू, प्रकाश निर्मलकर, नरेंद्र पटेल सहित विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

■ शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : गौरव

## एल्डरमैनों ने निगम सभापति कौशिल्या से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर पालिक निगम में एल्डरमैन नियुक्त होने के बाद सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों ने सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन के निवास पहुंचकर भेंट की और आभार व्यक्त किया। इस दौरान शहर के विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, नाली एवं नागरिक सुविधाओं सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा हुई। सभापति कौशिल्या देवांगन ने सभी एल्डरमैन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भागीदारी से नगर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। वहीं एल्डरमैनों ने संगठन द्वारा जताए गए विश्वास पर खरा उतरते हुए जनसेवा और शहर के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

इस अवसर पर एल्डरमैन दिलीप पटेल, अशोक सिन्हा, विजय सिंह ठाकुर, भागवत यादव, अरविंद मुंडी, सीमा चौबे, रितिका यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## साइकिल मिलने से छात्राओं के चेहरे पर खिली मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा रहे। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुभाष साहू ने की। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन एवं जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती गीतेश्वरी साहू विशिष्ट अतिथि रहीं।

मुख्य अतिथि महापौर श्री रोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य शासन की सरस्वती साइकिल योजना छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने और उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने छात्राओं से नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं मेहनत के साथ आगे बढ़कर अपने माता-पिता, विद्यालय तथा जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे मजबूत आधार है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर छात्राएं आत्मनिर्भर बनें और अपने सपनों को साकार करें। सुभाष साहू ने छात्राओं को साइकिल का सदुपयोग करने तथा नियमित रूप से विद्यालय आने की प्रेरणा दी। प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया। समारोह में विद्यालय परिवार, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रूखमनी केशकुमार सोनकर पति केशकुमार सोनकर ग्राम-करेठा, पो.-रूद्री, तहसील व जिला-धमतरी छत्तीसगढ़ का स्थायी निवासी हूं।

यह कि मेरा पुराना नाम रूखमनी केशकुमार सोनकर है और मैं अपना नाम बदल रूखमनी सोनकर करवाना चाहती हूं। मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है। अतः आज से मुझे रूखमनी केशकुमार सोनकर के बदले रूखमनी सोनकर के रूप में जाना और पहचाना जावे। साथ ही मेरे सभी सरकारी दस्तावेजों में मुझे रूखमनी सोनकर के रूप में लिखा जावे।

इस आशय के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत करती हूं।

दिनांक : 08/06/2026
स्थान : धमतरी

**शपथकर्ता**
**रूखमनी सोनकर**
**ग्राम-करेठा, पो.-रूद्री**
**तहसील व जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-रूद्री**
**तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)**

**// सूचना पत्र //**

प्रति,
01. योगेश देवांगन/पिताम्बर देवांगन
02. उमेश पिता गोपाल सिंह
03. मोहन पिता हरीराम वगै.
04. सोहन पिता भैय्यालाल
05. संजय पिता गोपीराम देवांगन

विषय :- नक्शा बटांकन की सूचना बाबत्।

--000--

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम रूद्री प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. रूद्री तहसील व जिला-धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 267/16 रकबा 0.02 हे. का आवेदक योगेश देवांगन पिता पिताम्बर देवांगन निवासी रूद्री के आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 04/06/2026 के अनुसार नक्शा बटांकन दिनांक 20/07/2026 को दिन सोमवार समय 12.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमि स्वामी होने के कारण नक्शा बटांकन के समय स्थल पर मय दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात् आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रूद्री**


# भखारा में शीघ्र प्रारंभ होगा उपपंजीयन कार्यालय

- 73 से अधिक गांवों के लोगों को मिलेगा सीधा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी





भखारा क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी और बहुप्रतीक्षित सौगात जल्द ही साकार होने जा रही है। विधायक अजय चंद्राकर के सतत एवं सकारात्मक प्रयास से भखारा तहसील परिसर में उपपंजीयन (सब रजिस्ट्रार) कार्यालय प्रारंभ होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं तथा तहसील परिसर स्थित पुराने तहसील भवन के कक्ष क्रमांक 01 एवं 02 को कार्यालय संचालन हेतु अस्थायी रूप से आवंटित किया गया है।

### विधायक अजय चंद्राकर का प्रयास रंग लाया

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह 73 गांवों के नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी कदम है। अब भूमि एवं संपत्ति की रजिस्ट्री कराने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय, धन और श्रम तीनों की बचत होगी तथा आम नागरिकों को शीघ्र और सुगम पंजीयन सुविधा उपलब्ध होगी।

भखारा नगर पंचायत अध्यक्ष ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए विधायक अजय चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है। यह सुविधा भखारा अंचल के विकास और प्रशासनिक सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# मजदूरों को दी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

- सीटू की मांग पर श्रम विभाग ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सीटू जिला समिति की मांग पर श्रम विभाग द्वारा कृषि उपज मंडी श्यामतराई में मंडी हमाल, रेजा, तौलय्या तथा सब्जी मंडी के हमाल-रेजाओं के लिए श्रम शिविर आयोजित किया गया। शिविर में श्रमिकों को श्रम पंजीयन, नवीनीकरण एवं विभिन्न श्रम कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सीटू के राज्य समिति सचिव कामरेड समीर कुरैशी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। श्रम पदाधिकारी एनके साहू ने बताया कि पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवारों के लिए शिशु आयु से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक, विद्यार्थियों और महिलाओं हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। शिविर में उद्योग विभाग के महाप्रबंधक श्री खांडेकर ने जिले में औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार की जानकारी दी।

कार्यक्रम में राजूराम साहू, अशोक ध्रुव, दिनेश जागणे, रोहित निर्मलकर, शैलेन्द्री बाई, विमला बाई और यादराम सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### जिला साहू समाज महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का विस्तार

# 100 से अधिक महिलाओं को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



जिला साहू समाज धमतरी महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष जागृति साहू ने समाज प्रमुख विपिन साहू, जिला अध्यक्ष गणेशराम साहू, महासचिव हरिशंकर साहू, विजय साहू तथा वरिष्ठ संरक्षकों की उपस्थिति में पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की।

भुवनेश्वरी साहू को सहसंयोजिका, कुलेश्वरी साहू एवं कामिनी साहू को उपाध्यक्ष, अनीता गजपाल को कोषाध्यक्ष, राधा साहू एवं वत्सला साहू को संगठन सचिव, हेमलता साहू को संरक्षक, चांदनी साहू को महामंत्री, साधना साहू को सामाजिक अंकेक्षक, सविता गंजीर को सलाहकार, रश्मि साहू को संगठन प्रतिनिधि, जागेश्वरी साहू को संयुक्त सचिव, पिंगला साहू को प्रचार-प्रसार प्रमुख, आशा साहू को योजना प्रमुख तथा कविता साहू एवं पूजा साहू को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा विभिन्न ग्रामों और नगरों से रेणुका किरण साहू, त्रिवेणी, खिलेश्वरी, डामिन, मालती, सविता, विमला, गीतेश्वरी, हेमा, संगीता और कला बाई साहू सहित 100 से अधिक महिलाओं को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष जागृति साहू ने कहा कि नई टीम महिलाओं को संगठित करने, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और सामाजिक समरसता को गांव-गांव तथा नगर-नगर तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेगी। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उनसे समाज हित में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जोजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### थायराईड गोली खाने से मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत बड़गांव निवासी 48 वर्षीय ओमप्रकाश साहू पिता स्व. हेमलाल साहू का अधिक मात्रा में दवाई का सेवन करने से 26 फरवरी को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक ने अधिक मात्रा में थायराईड गोली का सेवन कर लिया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत गोविंदपुर निवासी 28 वर्षीय यश कुमार साहू पिता सुदामा राम साहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा कुछ समय से किराये के मकान में रह रहा था। अज्ञात कारणों के चलते 6 जुलाई को सुबह 8 बजें फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### साहू संघ महिला प्रकोष्ठ की शिल्पा बनीं उपाध्यक्ष

**कांकेर।** नरहरपुर जनपद पंचायत की सदस्य शिल्पा साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वर्ष 2015 से समाज सेवा में सक्रिय शिल्पा साहू महिला सशक्तिकरण, रक्तदान, वृक्षारोपण, करियर मार्गदर्शन और जनकल्याणकारी गतिविधियों में लगातार योगदान दे रही हैं। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ और अधिक सशक्त होकर समाजहित में प्रभावी कार्य करेगा।

### मुख्यमंत्री उत्कर्ष योजना चयन परीक्षा के नतीजे

**कांकेर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा 6 वीं प्रवेश चयन परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा 5 जुलाई को आयोजित हुई थी। परिणाम जिला वेबसाइट एवं संबंधित कार्यालयों में उपलब्ध है। अभ्यर्थी 9 जुलाई शाम 5 बजे तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, कांकेर में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद 11 जुलाई को अंतिम मेरिट सूची जारी होगी, जबकि चयनित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

न्यायालय श्रीमान रजत कुमार निराला व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)

व्या. वाद. क्र. 121A/2026

पेशी तारीख 20/08/2026 प्रोसेस नंबर 1124/2026

रूखमणी ...वादिनी

बनाम

आम जनता ...प्रतिवादी

// आम सूचना प्रकाशन //

यह कि, मेरे न्यायालय में वादिनी रूखमणी बनाम आम जनता व्यवहार वाद क्रमांक 121A/2026 लंबित है, जिसमें वादिनी ने वादिनी की मां आशो बाई तथा वादिनी की बहन सतरूपा, के साथ संयुक्त खाता क्रमांक 261 स्थित ग्राम मगरलोड, प.ह. न. 16 सर्किल एवं तहसील मगरलोड़ जिला-धमतरी (छ.ग.) में दर्ज टेटकी बाई के स्थान पर रूखमणी पिता कलानाथ साहू राजस्व अभिलेख मे दर्ज करने विषयक घोषणा की आज्ञाप्ति वादिनी के पक्ष मे प्रदान किये जाने बाबत वाद पेश किया है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 20/08/2026 को प्रतिवादी आम जनता की उपस्थिति हेतु नियत किया गया है। उपरोक्त प्रकरण में प्रतिवादी आम जनता को समाचार पत्र मे प्रकाशन के माध्यम से समंस तामिल कराये जाने का आदेश पारित किया गया है। उपरोक्त प्रकरण में आगामी पेशी दिनांक 20/08/2026 को आम जनता की उपस्थिति हेतु नियत है। जिसमें आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आम जनता स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 20/08/2026 को उपस्थित होकर प्रकरण में अपना पक्ष रख सकते है, अन्यथा आम जनता की अनुपस्थिति में प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी, यदि उक्त नियत पेशी दिनांक को किसी कारणवश न्यायालय में अवकाश घोषित होता है तो ऐसी स्थिति मे प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी ।

आज दिनांक 07/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

रजत कुमार निराला,
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद,
जिला धमतरी (छ.ग.)

# पीएम आवास योजना : सर्वे में जिले के 81 हजार परिवारों का नाम दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिले में पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में सर्वे और आवेदन प्रक्रिया लगातार जारी है। हाल ही में गांव-गांव किए गए सर्वे में जिले के करीब 81 हजार परिवारों की आवास आवश्यकता दर्ज की गई है। इसके अलावा सुशासन तिहार के दौरान पंचायत स्तर पर लगाए गए शिविरों में भी बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन प्रस्तुत किए हैं। प्रशासन का कहना है कि पात्र हितग्राहियों का डाटा संकलित कर शासन को भेजा जा रहा है, ताकि आगामी चरणों में अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ मिल सके। प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद धमतरी जिले में लगभग 40 हजार हितग्राहियों के आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें कई परिवारों के मकानों का निर्माण जारी है, जबकि शेष हितग्राही आगामी किस्तों की राशि मिलने का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कई परिवारों का सर्वे और सत्यापन कार्य पूरा हो चुका है तथा पात्रता के अनुरूप उनके नाम सूची में शामिल किए गए हैं। जिला प्रशासन और पंचायत स्तर पर लगातार आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं, जिससे कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। ग्रामीणों को विश्वास है कि आगामी चरण में अधिक संख्या में आवास स्वीकृत होंगे और जिले के हजारों जरूरतमंद परिवारों का पक्के घर का सपना साकार होगा।

## सर्वे और शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों की सूची हो रही तैयार



### किस्तों में मिलती है सहायता राशि

*प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत प्रत्येक पात्र हितग्राही को मकान निर्माण के लिए कुल 1 लाख 43 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसमें पहली किस्त 40 हजार रुपये, दूसरी किस्त 55 हजार रुपये और तीसरी किस्त 25 हजार रुपये दी जाती है। इसके अतिरिक्त शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये की अलग से सहायता उपलब्ध कराई जाती है।*

साहू सदन में मनाया गया ग्राम पंचायत सचिव दिवस

# पंचायत व्यवस्था की रीढ़ हैं सचिव विकास में उनकी भूमिका अहम : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी







ग्राम पंचायत सचिव संघ की ब्लॉक इकाई धमतरी द्वारा मंगलवार को आमंत्रण हेरिटेज स्थित साहू सदन में ग्राम पंचायत सचिव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू तथा विधायक ओंकार साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान पंचायत सचिवों की भूमिका, ग्रामीण विकास और शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर रंजना साहू ने कहा कि पंचायत सचिव शासन और आम जनता के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने और पात्र हितग्राहियों को उनका लाभ दिलाने में सचिवों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहती है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी जैसे कठिन समय में भी सचिवों ने अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया। उनके समर्पण और सेवा भावना के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होती रही। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार और सक्रिय सचिव किसी भी गांव के विकास को नई दिशा देने की क्षमता रखता है।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि सचिव पंचायत व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा है। पंचायत से जुड़े अधिकांश प्रशासनिक कार्य सचिवों के माध्यम से ही पूरे होते हैं। उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं, नियमों और प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी रहती है, जिससे सरपंचों और पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्यों के संचालन में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि सचिव और सरपंच के बीच बेहतर समन्वय होने पर ही गांवों का समग्र विकास संभव है।

कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष हिमांशु शेखर साहू, कुर्रा सरपंच प्रितेश टंडन, डोमा सरपंच गुंजन बनपेला, सरपंच प्रतिनिधि भीमसेन साहू, योगेश कुमार साहू, बसंत परदेशी मीनपाल, देवनारायण साहू, कृष्ण कुमार साहू, राजू मीनपाल, भूपेंद्र साहू, प्रेमू चंद्रवंशी, राजेंद्र प्रसाद नागवंशी ने भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर सचिव संघ ब्लाक अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, जिलाध्यक्ष भूपेश सिन्हा, सचिव कोमल सिंह नेताम, मीडिया प्रभारी तामेश्वर सेन, सलाहकार श्रीराम सिन्हा, अभिषेक तिवारी, महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष गिरिजा चंदेल, सलाहकार श्यामलाल विश्वकर्मा, उपसचिव होरीलाल साहू, पूर्णिमा साहू सहित ब्लॉक इकाई के सभी सचिव उपस्थित थे।

## नई दिल्ली से आए आईएएस अधिकारियों ने जाना धमतरी का विकास मॉडल

■ कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भारत सरकार के सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंध संस्थान, नई दिल्ली के 9 आईएएस अधिकारियों का दल प्रशिक्षण एवं अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय प्रवास पर धमतरी जिले पहुंचा है। प्रवास के दौरान अधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद अधिकारियों ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को जिले की भौगोलिक एवं सामाजिक-आर्थिक स्थिति, कृषि व्यवस्था, शासन की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे नवाचारों और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन से भी अवगत कराया।

अध्ययन भ्रमण दल में श्रीमती मीनाक्षी भारद्वाज, अनिकेत पॉल, अपिंदर सिंह, अतुल शर्मा, डेमजिलियन टैंगपुआ, दीपक एस, श्रीमती नीलम कुमारी, जतिन सिंह एवं कमल नैन शामिल हैं।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती कल्पना ध्रुव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कौशिक, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## औषधि और छायादार पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



■ पायनियर फाउंडेशन ऑफ हायर एजुकेशन में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्थानीय मराठापारा स्थित शैक्षणिक संस्था पायनियर फाउंडेशन ऑफ हायर एजुकेशन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हरियाली को बढ़ावा देना और युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्था प्रमुख चंद्रेश श्रीवास्तव, मनीष कुमार यादव, राकेश कुमार साहू और योगेश श्रीवास्तव ने की। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि पौधे लगाना सिर्फ एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि इनके बड़े होने तक इनकी देखभाल करना हमारा सच्चा कर्तव्य है। इस कार्य में फाउंडेशन के करीना साहू, राधिका पटेल और आरती यादव ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। पूरे परिसर में विभिन्न प्रजाति के औषधि और छायादार पौधे रोपे गए। मौके पर सतीश पवार, मोहनीश पदमवार, राजश्री रणसिंह, शांतनु सोनी, विजय रक्टाटे, भारती होल्कर, भुवन घोरपड़े, उर्मिला जाचक, नेहा, किरण रक्टाटे, सुनीता जगताप, रजनी घोरपड़े समेत संस्था के छात्र-छात्राएं तुषार, निलेश, घनश्याम, आकाश, लक्ष्य, तारिका, भूमिका, तृप्ति, साधना, रागिनी, राजलक्ष्मी, नम्रता, योगिता, हुलसी, रेणुका, डीकेश्वरी, प्रेरणा, श्वेता यादव, सरिता, साक्षी और तुकेश्वरी मौजूद रहे।

### अंवरी में मनाई गई श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती

*अंवरी। राष्ट्र और अखंडता को अपने बलिदान से सीचने वाले प्रखर राष्ट्रवादी जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती ग्राम अंवरी में मनाई गई। कार्यक्रम में श्रीमती कुलेश्वरी गायकवाड़ सभापति जिला पंचायत धमतरी, लेखराम साहू पूर्व सरपंच अंवरी, पवन यादव पूर्व सोसायटी उपाध्यक्ष, जागेश्वर निर्मलकर, सरस्वती साहू, रेखा साहू, नीतू खुटेल, बबीता साहू, रतनी साहू उपस्थित रहे।*

## अंचल की खबरें

### कार्यकर्ताओं को मिला डिजिटल प्रशिक्षण



**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रशिक्षण महा अभियान अंतर्गत मां संतोषी शक्ति केंद्र की बैठक में सदर दक्षिण एवं रामपुर वार्ड के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर विनोद राव रणसिंह, पार्षद अनिता अग्रवाल, पूर्व पार्षद निलेश राजा, एल्डरमैन भागवत यादव, राजा नामदेव, योगेश कौशिक, मिथिलेश सिन्हा, प्रताप देवांगन, श्री डागा, गजानंद, फागूराम, सुमित नामदेव उपस्थित थे।

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ जिले का अग्रवाल समाज



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय इकाई का शपथ ग्रहण समारोह महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज (एमएआईसी) में हुआ, जिसमें धमतरी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष दयाराम, नवनियुक्त अ.भ.अ.स. प्रांतीय उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, विजय गर्ग, पवन मित्तल, मदन गोयल, नवनियुक्त अ.भ.अ.स. के जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल और मंत्री मनोज अग्रवाल शामिल हुए।

### यूआईडीएआई मानकों के अनुरूप सेवाओं पर जोर




**धमतरी।** जनपद पंचायत सभागार धमतरी में सोमवार को धमतरी, बालोद, गरियाबंद, रायपुर एवं मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिलों के करीब 120 आधार आपरेटरों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्यों को यूआईडीएआई के नवीनतम दिशा निर्देशों के अनुरूप अधिक गुणवत्तापूर्ण और त्रुटिरहित बनाना रहा। प्रशिक्षण में दस्तावेज़ सत्यापन, बायोमेट्रिक गुणवत्ता, डेटा शुद्धता, तकनीकी अपडेट और सामान्य त्रुटियों से बचाव जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। यूआईडीएआई के प्रतिनिधि मोहम्मद शौबान एवं संजय प्रकाश खेस ने प्रशिक्षण देते हुए आपरेटरों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और व्यावहारिक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस प्रशिक्षण से आधार सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और नागरिकों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

### महापौर ने सोरिद वार्ड में सफाई कार्य का किया निरीक्षण



**धमतरी।** शहर में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के उद्देश्य से महापौर रामू रोहरा ने पार्षदगण के साथ सोरिद वार्ड (डिपोपारा) में चल रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। महापौर श्री रोहरा ने कहा कि बरसात के मौसम में जल निकासी व्यवस्था सुचारु बनाए रखना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने नालों की समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सफाई सुनिश्चित करने, कचरे का तत्काल उठाव करने तथा जल प्रवाह में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न होने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां आवश्यकता हो, वहां अतिरिक्त संसाधन लगाकर सफाई कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने भी वार्ड की विभिन्न समस्याओं से महापौर को अवगत कराया, जिस पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

### नवकार महिला मंडल ने जरूरतमंद बेटी को दिया शादी का शगुन



**धमतरी।** नवकार महिला मंडल ने सामाजिक सेवा की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एक और जरूरतमंद बेटी की शादी में सहयोग प्रदान किया। मंडल की ओर से विवाह के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिससे परिवार को आर्थिक राहत मिली। संस्था अब तक 28 जरूरतमंद बेटियों को शादी का शगुन देकर उनके नए जीवन की शुरुआत में सहयोग कर चुकी है। इस बार भी शगुन के रूप में साड़ियां, पायल, बिछिया, एयरबैग, चादर, श्रृंगार सामग्री, रसोई का सामान, वॉटर पॉट सहित अन्य उपयोगी वस्तुएं भेंट की गईं। सहायता मिलने पर परिवार ने मंडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे बड़ी राहत बताया। मंडल की पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की हरसंभव मदद करना है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे। इस अवसर पर मंडल की अध्यक्ष संतोष मिनी, सचिव कुसुम गोलछा, बिंदु ओस्तवाल, कंचन चोपड़ा, संजू जैन उपस्थित थी।

### जागरूकता एवं स्वच्छता पर दिया जोर



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 15 में शक्ति अभियान के तत्वावधान में पूर्व पार्षद संतोषी निषाद द्वारा महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी दी गई। जागरूकता एवं स्वच्छता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर नगर की महिलाएं उपस्थित थीं।

### प्राशा खरतुली के मेधावी प्रतिभागी हुए सम्मानित

**धमतरी।** प्राथमिक शाला खरतुली में नवाचार की अभिनव पहल के तहत प्रधानपाठक दीनबंधु सिन्हा के मार्गदर्शन में गुल्लक फोड़, पैसा जोड़ एवं गुल्लक सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में बचत की आदत विकसित करना, फिजूलखर्ची पर रोक लगाना तथा स्वयं की बचत से शिक्षण सामग्री खरीदने की प्रेरणा देना रहा। पिछले वर्ष समाजसेवी तुमन साहू मगरलोड एवं माध्यमिक शाला लुगे की शिक्षिका रंजीता साहू द्वारा संचालित मैं हूं गुल्लक अभियान के अंतर्गत प्रत्येक बच्चे को गुल्लक प्रदान किया गया था।

## विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

■ एनएसएस एवं इको क्लब ने नर्सरी तैयार की



पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-01 एवं इको क्लब के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौध नर्सरी तैयार की गई। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और एक पेड़ एक जिंदगी अभियान को प्रभावी बनाना है। नर्सरी निर्माण के दौरान स्वयंसेवकों ने बोगेनवेलिया सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों को पॉलीथीन बैग में तैयार किया। इस अवसर पर वनस्पतिशास्त्र विभाग के डॉ. गौरव नाग ने स्वयंसेवकों को पौध तैयार करने की विधि एवं उनकी देखभाल का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी नियमित देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है। एनएसएस एवं इको क्लब के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ नर्सरी तैयार की। इन पौधों का आगामी दिनों में महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के गांवों में रोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एम.एस. साहू, सहायक प्राध्यापक डॉ. हितनारायण टंडन, राकेश कुमार सोनकर, डॉ. हरिराम साहू, डॉ. विक्रम सिंह, हेमंत नंदागौरी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

